# ओडीओपी उत्पादों को स्टार रैंकिंग दी जाएगी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत चयनित उत्पादों की रैंकिंग की जाएगी। गुणवत्ता तथा अन्य तय मानकों के आधार पर उत्पादों को स्टार कैटेगरी मिलेगी। रैंकिंग का मानक क्वालिटी कार्उंसिल ऑफ इंडिया तय करेगा।

सोमवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल के साथ क्वालिटी कार्उंसिल ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों की बैठक में यह तय किया गया। इस बैठक में तय किया गया कि जनपदों को ओडीओपी उत्पादों की मांग बढ़ाने, कौशल विकास करने, रोजगार सृजित करने, उत्पादों की गुणवत्ता अवसंरचना को मजबूत बनाने आदि स्टार कैटेगरी के आधार होंगे। इन मानकों के आधार पर उत्पादों को वन स्टार, टू स्टार, थ्री स्टार, फोर स्टार और फाइव स्टार की रैंकिंग दी जाएगी। नवनीत सहगल ने बताया है कि प्रदेश स्तर पर उत्पादों की गुणवत्ता को और बढ़ाने के लिए उन्हें स्टार रैंकिंग दी जा रही है।



नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव

- सरकार का उपक्रम तय करेगा रैंकिंग का मानक
- पांच श्रेणी में की जाएगी उत्पादों की यह रैंकिंग

## ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट: अगले माह से रोड शो

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए अगले महीने से विदेशों में रोड शो शुरू होंगे। इससे पहले 10 सेक्टर से जुड़ी नीतियों में बदलाव कर उनमें निवेशको के लिए और आकर्षक शर्ते जोड़ी जाएंगी। इन्हीं नीतियों के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के निवेशकों को अगले साल होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आमंत्रित किया जाएगा। समिट के लिए 17 देशों में रोड शो होंगे। इसमें किसी एक रोड शो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी जा सकते हैं। आधा दर्जन विभागों के मंत्रियों के अलावा एक दर्जन वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भी विदेश का दौरा करेंगे।